# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 7th



aglasem.com

Class : 7th
Subject : हिंदी
Chapter : 8
Chapter Name : काबुलीवाला

Q1 बार - बार बोलो ।
(क) मिनी जोर - जोर से पुकारने लगी ।
(ख) मिनी एक शक भरी नज़र से देखती हुई खड़ी रही ।
(ग) शरीर भी कमजोर हो गया था ।
(घ) काबुलीवाला दरवाजे के पास खड़ा हो गया ।
(ङ) कागज़ पर किसी नन्हें हाथ की छाप थी ।

Answer :
छात्र स्वयं करे

Page : 48 , Block Name : बार - बार बोलो

aglasem.com

Q2 पढ़ो और समझो
(क) नायक- नायिका
(ख) बालक - बालिका
(ग) गायक - गायिका
(घ) लेखक - लेखिका
(ङ) सेवक - सेविका

Answer :
छात्र स्वयं करे

Page : 48 , Block Name : पढ़ो और समझो

Q3 पाठ संबंधी प्रश्न
(क) मिनी को ऐसा क्यों लगता था कि काबुलीवाला अपनी झोली में चुराए हुए बच्चों को छुपाए हुए है?
(ख) मिनी की काबुली वाले से मित्रता क्यों हो गई ?
(ग) काबुलीवाला हमेशा पैसे क्यों लौटा देता था ?
(घ) वर्षों बाद मिनी के पिता ने काबुली वाले को उसके किस बात से पहचान लिया ?

Answer :

(क) काबुली वाले के पास एक बड़ा- सा झूला होता था । वह उसे हमेशा अपने कंधे पर रखता था । उसे देखकर उसके मन में यह विश्वास हो गया था कि काबुलीवाला अपनी झोली में दो - चार बच्चे चुराकर छिपा लेता है । यह विश्वास उसे अपनी माँ द्वारा भी आ सकता है क्योंकि घर के बड़े बच्चों को डराने के उद्देश्य से ऐसी बातें कह देते हैं । इस तरह वे अजनबियों से बच्चों को दूर रखने का प्रयास करते हैं ।
(ख) काबुलीवाला मिनी के पिताजी के अतिरिक्त ऐसा दूसरा व्यक्ति था, जो मिनी की बात बड़े ध्यान पूर्वक सुनता था । वह हमेशा मिनी को बादाम - किसमिस देता था तथा उसके दिल बहलाने के लिए मजेदार बातें भी किया करता था । बस इसी कारणों से दोनों के बीच दूरियाँ समाप्त हो गई और वे अच्छे मित्र बन गए ।
(ग) काबुलीवाले की मिनी जैसी ही एक बेटी थी । वह मिनी को अपनी बेटी मानता था। इसलिए मिनी से उसे पैसे लेना अच्छा नहीं लगता था । अतः वह उसके बदले दिए जाने वाले पैसे लौटा दिया करता था ।
(घ) जब वर्षों बाद मिनी के पिता से मिलने काबुलीवाला आया, तो वह उसे उसकी हँसी देखकर पहचान गए थे ।

Page : 48 , Block Name : पाठ संबंधी प्रश्न

Q4 सोचो और जवाब दो
(क) रहमत ने एक धोखेबाज़ आदमी को छुरा मार दिया । क्या अगर तुम रहमत की जगह होते तो क्या करते ?
(ख) मिनी की माँ रहमत पर नज़र रखना चाहती थी परंतु पिता रहमत को मना नहीं कर पाते थे । तुम्हारे विचार में कौन सही था? क्यों ?
(ग) मान लो तुम मिनी हो । अब अपनी कहानी पूरी कक्षा में सुनाओ ।
(घ) तुम नीचे लिखे वाक्य को अपनी भाषा में कैसे कहोगे ? 'पलक झपकते ही रहमत का चेहरा आनंद से खिल उठा ।'

Answer :
(क) रहमत ने एक धोखेबाज़ आदमी को छुरा मार दिया । उसके द्वारा ऐसा करना उचित नहीं था। यदि मैं रहमत की जगह होता, तो उसको धोखाधड़ी करने के आरोप में जेल भिजवाता ।
(ख) मिनी की माँ रहमत पर नज़र रखना चाहती थीं क्योंकि आज के समय में किसी पर भरोसा नहीं किया जा सकता । माताजी इसी बात को लेकर मिनी की फ़िक्र करती थी जबकि पिता जी को रहमत से ऐसी कोई आशा नहीं थी।वे सोचते थे की मिनी भी रहमत की बच्ची के जैसी है। किन्तु मिनी की माता जी आज के समय को देखते हुए ज्यादा सही थी।
(ग) छात्र स्वयं करे |
(घ)पलक झपकते ही रहमत खुश हो गया ।

Page : 48 , Block Name : सोचो और जवाब दो।

aglasem.com

Q5 सही मिलान करो
(क) बे - सिर - पैर - तुरंत
(ख) पलक झपकते ही - बिना मतलब की
(ग) बँधी हुई बातें - चेहरा सामने से हटा लेना
(घ) बात चलना - निश्चित बातें / एक ही तरह की बातचीत
(ङ) मुंह फेरना बात शुरू होना

Answer :
(क) बे-सिर-पैर - बिना मतलब की
(ख) पलक झपकते ही - तुरंत
(ग) बँधी हुई बातें - निश्चित बातें / एक ही तरह की बातचीत
(घ) बात चलना - बात शुरु होना
(ङ) मुंह फेरना - चेहरा सामने से हटा लेना

Page : 48 , Block Name : सही मिलान करो

Q6.शब्द जाल
काबुलीवाला मेवे बेचता था। नीचे कुछ मेवों के नाम लिखे हैं। उन्हें दिए गए शब्दजाल में ढूँढो। ये संज्ञा हैं। इसकी विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण होते हैं। उसे भी सोचकर लिखो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| का | जू | का | पि | का |
| कि | बा | दा | मि | छु |
| श | पि | स्ता | ट | आ |
| मि | श | रो | आ | रा |
| श | अ | ख | रो | ट |
| छु | बा | दा | म | जू |

क. पिस्ता

ख. छुआरा

ग. बादाम

घ. काजू

ङ. किशमिश

च. अखरोट

aglasem.com

Answer:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| का | जू | का | पि | का |
| कि | बा | दा | मि | छु |
| श | पि | स्ता | ट | आ |
| मि | श | रो | आ | रा |
| श | अ | ख | रो | ट |
| छु | बा | दा | म | जू |

Page : 49 , Block Name : शब्द जाल


Q7: घुमना -फिरना

'काबुलीवाला के साथ बातचीत करने से बाहर जाने का काम हो जाता है ।' मिनी के पिता का ऐसा कहना बताता है कि वह काबुली से बात करके बाहर के देश - दुनिया के बारे में जानकारी प्राप्त कर लेता था । आज उसके अलावा और किन-किन साधनों से देश - विदेश के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है ? सूची बनाओ ।

Answer :समाचार पत्र के माध्यम से ,टीवी के माध्यम से ,रेडियो के माध्यम से ,और पत्रिका के माध्यम से इन सब चीजों से हमें देश विदेश की जानकारी प्राप्त होती है ।

Page : 49 , Block Name : घुमना -फिरना

Q8 देखो, समझो और करो



क) पहले खाने में घड़ा है।

aglasem.com

ख) तीसरे खाने में........... है।

ग) पाँचवे खाने में पगड़ी है।

घ) दसवें खाने में....... है।

ङ)............खाने में कुर्ता है।

च) नौवें खाने में.......... है।

छ) ........... खाने में चूहा है।

ज) दूसरे खाने में...........है।

झ).............खाने में..........है। यह हमारा राष्ट्रीय पक्षी है।

ञ) .............खाने में..........है। इसे चेहरे पर लगाते हैं।

Answer :

क) पहले खाने में घड़ा है।

ख) तीसरे खाने में सांप है।

ग) पाँचवे खाने में पगड़ी है।

घ) दसवें खाने में झंडा है।

ङ) छठे खाने में कुर्ता है।

च) नौवें खाने में गिलास है।

छ) आठवें खाने में चूहा है।

ज) दूसरे खाने में सीढ़ी है।

झ) सातवें खाने में मोर है। यह हमारा राष्ट्रीय पक्षी है।

ञ) चौथे खाने में मुखौटा है। इसे चेहरे पर लगाते हैं।

Page : 50 , Block Name : देखो, समझो और करो

Q9 इन शब्दों को देखो

aglasem.com

| | | | |
|---|---|---|---|
| बेटी | काबुलीवाला | नायक | जेल |
| खिड़की | झोली | पैर | बच्चा |
| रहमत | | | |

ये संज्ञा है। इनकी विशेषता बताने वाले शब्द को विशेषण कहते हैं। तुम्हें इनके साथ जो भी विशेषण ठीक लगे उसे लगाकर वाक्य बनाओ।

Answer:

बेटी— बेटी के लिए गुड़िया खरीद कर लानी है।

काबुलीवाला— काबुलीवाला बहुत शांत स्वभाव का व्यक्ति था।

नायक— नायक का अभिनय बहुत अच्छा था।

जेल— आज़ादी की लड़ाई में कई नेताओं को जेल जाना पड़ा।

खिड़की— खिड़की से ठंडी हवा आ रही है।

झोली— झोली में बहुत सारे खिलौने हैं।

पैर— मिनी के पैर छोटे से हैं।

बच्चा— बच्चा रो रहा है।

रहमत— रहमत अच्छा इंसान था।

Page : 50 , Block Name : इन शब्दों को देखो

aglasem.com